हिमाचल प्रदेश सरकार

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

निदेशालय अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक मामले

हि0 प्र0 कोली कल्याण बोर्ड

की

प्रथम बैठक

की

कार्यवाही

दिनांकः— 09 फरवरी, 2016

समय :— दोपहर 12:00 बजे

स्थानः— अर्मजडेल समेलन कक्ष सचिवालय, शिमला—2

हिमाचल प्रदेश कोली कल्याण बोर्ड की प्रथम बैठक जो दिनांक 09 फरवरी, 2016 को दोपहर 12:00 बजे, सम्मेलन कक्ष, हि0 प्र0 सचिवालय शिमला में माननीय मुख्यमन्त्री हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई की कार्यवाही।

बैठक में भाग लेने वाले सरकारी/गैर सरकारी सदस्यों की सूची **अनुबन्ध "क "** पर संलग्न है।

सर्व प्रथम बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (सा0 न्याय एवं अधि0) हि0 प्र0 ने माननीय मुख्यमन्त्री महोदय एवं अध्यक्ष कोली कल्याण बोर्ड, माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री, मुख्य सचिव, हि0 प्र0 सरकार तथा सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों का स्वागत किया। तदोपरान्त माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री महोदय द्वारा माननीय मुख्यमन्त्री महोदय तथा सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों का स्वागत किया गया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में माननीय मुख्यमन्त्री महोदय का अलग से कोली कल्याण बोर्ड का गठन करने के लिए धन्यवाद किया तथा अपनी व्यस्तता के बावजूद बैठक निर्धारित करने तथा अपना बहुमूल्य समय निकाल कर इस बैठक में पधारने पर हार्दिक अभिनन्दन किया। उन्होने कहा कि प्रदेश में कोली जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया गया है जो प्रदेश की कुल आबादी का 7.28 प्रतिशत है। उन्होनें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अनुसूचित जाति से सम्बन्धित समुदायों के लिये प्रदेश में चलाई जा रही विशेष योजनाओं की जानकारी प्रदान की तथा बोर्ड के गैर सरकारी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे इस बैठक में अपने समुदाय की विशेष समस्याओं को उजागर करते हुए उनके विकास एवं उत्थान के लिये अपने सुझावों एवं विचारों से अवगत करवायें ताकि माननीय मुख्य मन्त्री महोदय के कुशल नेतृत्व व मार्ग–दर्शन में हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

इसके पश्चात माननीय मुख्यमन्त्री महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी मन्त्रीगण, समस्त सरकारी/गैर सरकारी सदस्यों का इस बैठक में पधारने पर हार्दिक अभिनन्दन किया उन्होंने कहा कि सरकार का अलग से कोली कल्याण बोर्ड के गठन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में इस समुदाय की समस्याओं पर विचार करके उनका समाधान करना है। प्रदेश में वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार अनुसूचित जाति की कुल आबादी 17,29,252 है जिनमें से 4,99,473 व्यक्ति कोली समुदाय से सम्बन्धित है। वर्तमान में प्रदेश में कोली समुदाय सहित 56 जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश का सन्तुलित एवं समग्र विकास तभी सम्भव हो सकता है, जब प्रदेश में सभी समुदायों तथा क्षेत्रों का सम्पूर्ण और सन्तुलित विकास हो। सरकार का प्रयास है कि सभी की बुनियादी जरूरतें पूरी हों और सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के बेहतर और समान अवसर मिल सकें। सभी समुदायों एवं वर्गों के कल्याण और विकास की भावना सदैव सरकार का मुख्य लक्ष्य रहा है। उन्होंने सभी

को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया साल सभी के जीवन में नई उमंगों व नई तरंगों का संचार करें और सभी नित नई ऊँचाईयाँ छुए यही मेरी कामना है।

इसके उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई तथा बैठक में निम्नलिखित कार्यसूची पर चर्चा हुईः–

कार्मिक विभाग से सम्बन्धित मदें:

1. **प्रदेश में जब तक कोली जाति आगे नहीं आ जाती तब तक इस जाति को इसकी जनसंख्या के आधार पर समान अनुपाती आरक्षण सुनिश्चित किया जाए।**

(संतोष कुमार सन्जौली, शिमला)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता), हि0 प्र0 सरकार द्वारा सूचित किया गया कि कार्मिक विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार वर्तमान में सेवाओं में किसी जाति विशेष को आरक्षण प्रदान करने बारे कोई प्रावधान नहीं है। प्रदेश में कोली समाज के लोग जो अनुसूचित जाति में सम्मिलित है अनुसूचित जाति वर्ग को प्रदान किए जा रहे आरक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे है।

अतः विभागीय उत्तर के दृष्टिगत चर्चा उपरान्त मद समाप्त की गई।

2. **प्रदेश में संविधान के 85 वें संशोधन नियम 2001, को वर्ष 2007 में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उनके कार्यकाल में उक्त सविधान प्रदेश में लागू हो गया था परन्तु सरकार बदलने पर भाजपा सरकार ने इस अधिसूचना को वापिस ले लिया था। जबकि केन्द्रीय सरकार तथा प्रदेश के पड़ौसी सभी राज्यों में लागू है। इसे लागू न करने के क्या कारण रहे हैं। इसे लागू न होने से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के सरकारी कर्मचारी समय अवधि में लाभान्वित न हो कर बिना किसी लाभ के सेवानिवृत हो रहे हैं। प्रदेश में जब इसे लागू करे तो इसमें कोली जाति को इसकी जनसंख्या के समान अनुपाती आरक्षण दिया जाए तथा समाज मांग करता है कि उक्त संविधान संशोधन कों वर्ष 2007 की तर्ज पर पुनः लागू किया जाए।**

(उतम सिंह कश्यप शिमला / पलक राम कश्यप सोलन / संतोष कुमार संजौली, शिमला/ आनन्द कुमार चौहान,सोलन)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने बैठक बताया कि कार्मिक विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार राज्य सरकार ने 85 वें संविधान संशोधन के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के पदाधारियों को राज्य सेवाओं में पदोन्नति में आरक्षण प्रदान न करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय सरकार द्वारा राज्य सेवाओं में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के पदाधारियों के कुल प्रतिनिधित्व को प्रदर्शित करने वाले आंकड़ो और संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर लिया गया है। राज्य सरकार ने 85 वें संविधान संशोधन के मामले में सम्बन्धित कर्मचारी संघों के सुझावों पर विचार करने बारे मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में एक समिति का भी गठन किया है। इस समिति की सिफारिशें अभी प्राप्त नहीं हुई है।

राज्य सरकार के अधीन सेवाओं तथा सरकार के अधीन निगमों/बोर्डों में सरकार ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति को पदोन्नति में क्रमशः 15 व 7.5 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसके दृष्टिगत इन वर्गों के लोग पदोन्नति में भी आरक्षण का लाभ ले रहे है।

मद पर चर्चा के दौरान माननीय गैर सरकारी सदस्यों द्वारा सूचित किया गया कि आरक्षण हेतु निर्धारित रोस्टर सही तरीके से लागु नहीं किया जा रहा है। मद पर विस्तृत चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति को शीघ्र अपनी रिपार्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। **तदोपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

3. **Officers belonging to SC categories should be posted on key and important posts like Secretaries, Directors and Managing Directors in proportion to their population.**

(Sh. Kashmir Chand, Shimla)

In this regard, it has been informed by the Department of Personnel (A-I) that the IAS officer of H.P. cadre presently working under the State Government are posted on key post like Secretaries of important Departments, Managing Directors/Directors and Deputy Commissioner/ADC. All officers belonging to SC category have been posted appropriately.

मद पर चर्चा के दौरान माननीय गैर सरकारी सदस्य द्वारा सूचित किया गया कि कई बार ऐसा हुआ है कि इन प्रमुख पदों पर एक भी अनुसूचित जाति से सम्बन्धित व्यक्ति की तैनाती नही की जाती है विशेषकर जिलों में तैनात उपायुक्त के पद पर कई बार एक भी व्यक्ति अनुसूचित जाति से सम्बन्धित नहीं होता है। मद पर हुई चर्चा के दौरान अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए कि सम्बन्धित विभाग माननीय गैर सरकारी सदस्य द्वारा उठाए गए मुद्दे का भविष्य में ध्यान रखे। **तदोपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

4. **सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत अंशकालीन/ दैनिक वेतन भोगी कामगारों के समयवद्ध नियमितिकरण के सम्बन्ध ठोस नीति बनाई जानी चाहिए क्योंकि देखने में आया है कि ये समाज के अति पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित होते है, तथा10 से 20 साल तक सेवा करने पर भी नियमित नहीं हो रहे है।**

(उतम सिंह कश्यप, शिमला)

मद पर चर्चा के दौरान अवगत करवाया कि सरकार के दिशा–निर्देशानुसार विभिन्न विभागों में कार्यरत अंशकालीन/दैनिक वेतन भोगी कामगारों का नियमितिकरण हो रहा है, यदि स्वीकृत पद उपलब्ध/खाली न हो तभी दिक्कत होती है। **अतः चर्चा उपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

5. **इस समाज के लोगों को सरकारी, अर्धसरकारी, गैर सरकारी व निजी संस्थानों उद्योग/ निगमों में नौकरियों में कोटा दिया जाये। आरक्षण रोस्टर के नियमों को सख्ती से लागू किया जाए। सामान्य एवं प्रतियोगिता आधार पर भर्ती आरक्षित प्रत्याशियों को आरक्षण प्रतिशतता में न माना जाए।**

(मदनलाल बसरा, ऊना /संतोष कुमार सन्जौली, शिमला)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने बैठक बताया कि कार्मिक विभाग से प्राप्त सूचना राज्य सरकार के अधीन सेवाओं तथा सरकार के अधीन निगमों/बोर्ड़ों में भर्ती द्वारा भरे जाने वाले श्रेणी-I व श्रेणी-II के पदों/सेवाओं में 15 प्रतिशत तथा श्रेणी–III व IV में 22 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जबकि पदोन्नति में इस वर्ग को 15 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश में कोली समाज के लोग जो अनुसूचित जाति में सम्मलित है भी इस आरक्षण का लाभ उठा रहें हैं।

राज्य सरकार सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान करने बारे प्रायः केंन्द्र सरकार में प्रचलित नीति / निर्देशों / संवैधानिक व्यवस्था का अनुसरण करती है। अतः निजी संस्थानों में आरक्षण प्रदान करने बारे केंन्द्र सरकार द्वारा नीतिगत निर्णय लेने के उपरान्त राज्य सरकार के स्तर पर कोई कार्यवाही सम्भव होगी।

राज्य सरकार ने सेवाओं में आरक्षण बारे पोस्ट बेसड रोस्टर प्रणाली को अपनाया है जिसके अर्न्तगत सभी आरक्षित वर्गों के लिए रोस्टर बिन्दु निर्धारित किए हैं जिसके दृष्टिगत सभी आरक्षित वर्गों को हर संवर्ग में आवंटित किए गए रोस्टर बिंदुओं के अनुरूप समुचित प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है।

राज्य सरकार के अधीन सेवाओं में अनुसूचित जाति /अनुसूचित जन जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थी जो अपनी योग्यता / उत्कृष्ठता के आधार पर (बिना आरक्षण का लाभ लिए) चुने जाते हैं की गणना नियुक्ति के प्रयोजन हेतु आरक्षित कोटे में नहीं की जाती जबकि उन्हें आरक्षित कोटे के अधिकता में से अनारक्षित पदों के विरूद्ध नियुक्त किया जाता है। इसके अतिरिक्त आरक्षित वर्गों के अभ्यार्थी अनारक्षित पदो के विरूद्ध भी आवेदन कर सकते हैं बशर्ते वह उस पद हेतु अनारक्षित वर्ग के लिए निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता हो।

माननीय गैर सरकारी सदस्य के अनुपस्थित होने व विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

सामान्य प्रशासन से सम्बन्धित मदें:

6. **Members from Koli Community be nominated to HP Public Service Commission and Sub- ordinate Staff Selection Board.**

Experienced Bureaucrats from Administrative Services, Technocrats, Intellectuals, and Judiciary personnel from Koli Community are available in the State. It is proposed that in view the Koli caste being dominant amongst the SCs in the State due representation in HP Public Service Commission and Sub-ordinate Staff Selection Board be given.

(Sh.Uttam Singh Kashyap Shimla)

7. **Officers/people belonging to SC category should be made members of various recruiting agencies/committees like HP Public Service Commission.**

Subouridnate Service Slection Board and other departmental recruitment committees as a standing/permanent arrangement, as per instructions and policy of the state government it self.

(Sh. Kashmir Chand, Shimla)

मदों पर चर्चा के दौरान अवगत करवायागया कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग में अनुसूचित जाति से सम्बन्धित सदस्य को मनोनीत कर दिया गया है। **अतः चर्चा उपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

8. **प्रदेश में विकास कार्य के लिए राज्यस्तर, जिलास्तर, खण्डस्तर, व पंचायतस्तर में गठित कमेटियों में इस जाति की भागीदारी को प्रतिशतता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।**

(श्री संतोष कुमार सन्जौली, शिमला)

सम्बन्धित विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार प्रदेश के विकास कार्यों के लिए जिला स्तर पर कमेटियॉ गठित किए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग का कोई Role नहीं है।

माननीय गैर सरकारी सदस्य के अनुपस्थित होने व विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

शिक्षा विभाग से सम्बन्धित मदें:

9. **प्राथमिक/माध्यमिक पाठशाला मोहकिया–खटोला तहसील नाहन सिरमौर तथा सलानी कटोला तहसील नाहन का दर्जा स्तरोन्नत बारे।**

(प्रो0 बलबीर सिंह नाहन,सिरमौर)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने बैठक बताया कि शिक्षा विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार माध्यमिक पाठशाला सलानी कटोला को स्तरोन्नत करने बारे उप–शिक्षा निदेशक, जिला सिरमौर से प्राप्त प्रस्ताव परीक्षणोपरांन्त निदेशालय के पत्र संख्या EDN-HE (6)/ 4-1/2015-(Prop. To Govt.) दिनांक 16.04.2015 द्वारा सरकार को आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी गई है।

प्राथमिक पाठशाला सलानी कटोला के 8वीं कक्षा में विद्यार्थीयों की संख्या 20 तथा दूरी 4 कि0मी0 है इसलिए यह विभागीय मापदण्ड पूरे नहीं करता है। माध्यमिक पाठशाला मोहकिया–खटोला बारे कोई भी मामला इस विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है।

बैठक में चर्चा के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव(शिक्षा) द्वारा अवगत करवाया कि माध्यमिक पाठशाला सलानी कटोला को स्तरोन्नत करने बारे मामले में परीक्षणोपरांन्त यदि माप–दण्डों के अनुरूप सम्भव होगा तो कर दिया जायेगा। **तदोपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

10. **(i) विद्यालय प्रबन्धन समिति (SMC) तथा पी0टी0ए0 के माध्यम से जो भर्ती की गई है उन नियुक्तियों में आरक्षण नीति को लागू किया जाये। इस में जो आरक्षण का बैकलॉग बनता है इसमें कोली जाति को जनसंख्या के समान अनुपाती आरक्षण से भरा जाए।**

ii) जिला मण्ड़ी के तहसील करसोग में विद्यालय प्रबन्धन समिति के तहत रखे गए अध्यापकों में अनुसूचित जाति वर्ग से कोई भी अध्यापक नहीं रखे गए और न ही इससे पहले जो डी0पी0ई0 व पी0ई0टी0 पी0टी0ए0, आधार पर रखे गये थें उस में भी इस समुदाय के बच्चों को प्रतिनिधित्व नहीं लिया गया है । इसके अतिरिक्त इस तहसील से वर्ष 2001–02 में तीन लड़कियों ने महाराष्ट्र व कुरूक्षेत्र से तीन वर्ष का लाईब्रेरी साईंस (डीलिव) में कोर्स किया है इसके बावजूद भी अन्य तहसीलों से नियुक्तियॉ की गई है।

(प्रो0 बलबीर सिहं ,सिरमौर/श्री संतोष कुमार शिमला/श्री मोलक राम चौहान करसोग, मण्ड़ी)

अतिरिक्त मु,ख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता) ने सूचित किया कि शिक्षा विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार एस0एम0सी0 व पी0टी0ए0 में जो नियुक्तियॉ प्रवक्ता/ पी0जी0टी0/डी0पी0ई0 के पद पर की गई हैं उनमे कोली जाति को जनसंख्या के समान अनुपाती आरक्षण से भरा जाना संभव नहीं है, क्योंकि उक्त नियुक्तियॉ पाठशाला स्तर पर की गई हैं तथा प्रवक्ता पी0जी0टी0/डी0पी0ई0 के पद राज्य स्तर के हाने के कारण पाठशाला स्तर पर आरक्षण लगाना सम्भव नहीं है। एस0एम0सी0 द्वारा केवल शिक्षकों के ही पदों को भरा जा रहा है। अतः लाईब्रेरी सहायकों के पदों को एस0एम0सी0 द्वारा नहीं भरा जा सकता।

अतः विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त कर दिया गया है।

11. **सरकारी स्कूलों में बच्चों को मध्यांतर भोजन योजना हर वर्ग के लिए बहुत उपयुक्त है परन्तु इस योजना से स्कूल की प्रथम सीढ़ी में ही बच्चों को जाति–पाति का आभास हो रहा है। इस सम्बन्ध में स्कूल अध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।**

(श्री पलक राम कश्यप)

मद पर चर्चा के दौरान माननीय गैर–सरकारी सदस्य द्वारा यह भी सूचित किया गया कि प्रदेश में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी भोजन परोस्ते समय जाति के आधार पर भेद–भाव किया जाता है। मद पर विस्तृत चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा इस प्रकार की शिकायतों का कड़ा संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि समस्त स्कूलों को अनुसूचित जाति,जन जाति(अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989, तथा नियम 1995 की प्रतियां कड़ाई से अनुपालना हेतु उपलब्ध करवाई जाए तथा दोषी व्यक्तियों विरूद्व नियमानुसार कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाए। बच्चों को भोजन परोस्ते समय रोल नम्बर के हिसाब से बिठाया जाएगा तथा इन आदेशें की अवहेलना करने पर उचित दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसी प्रकार की कार्यवाही महिला एवं बाल विकास भी अमल में लाएगा तथा दोषियों को सजा दी जाए। इस प्रकार के मामले बर्दाश्त नहीं किए जाऐंगें। उन्होने उपस्थित गैर–सरकारी सदस्यों से भी इस प्रकार के तथ्य सम्बन्धित विभागों के ध्यान में लाने का अनुरोध किया **तदोपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

युवा सेवाऐं एवं खेल विभाग से सम्बन्धित मदें:

12. Conversion of existing Play Ground at Bharyal Village into Mini Stadium in the name of Sepoy Bharat Ram, a Martyr of 1962-China War.

Sepoy Bharat Ram from Koli community and a resident of village Bharyal in Gram Panchayat Totu (Majthai), Under Shimla Grameen Constitueny was martyred in 1962 Indo-China War. A play ground in Bharyal village was constructed by local residents to be developed and expanded as Mini Stadium to promote sports activities in the Panchayat, and also to organize the Memorial Mela in a better manner.

(Uttam Singh Kashyap Shimla)

अतिरिक्त मु,ख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता) ने सूचित किया कि युवा सेवाऐं एवं खेल विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी, शिमला द्वारा निरीक्षण करने उपरांन्त पाया गया कि ग्राम पंचायत टूटू में बने खेल मैदान का विकास कर मिनी स्टेडियम बनाए जाने हेतु पर्याप्त भूमि है तथा यह भूमि वन विभाग के नाम पर है। जिस बारे स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान को उक्त मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु जमीन की जमाबन्दी, ततीमा पर्चा तथा उक्त निर्माण आंक्कलन व प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजने के बारे कहा गया था परन्तु अभी तक कोई भी दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए । दस्तावेज प्राप्त होने उपरान्त ही कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मद पर विस्तृत चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उपायुक्त शिमला को भूमि के दस्तावेजों बारे आगामी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। **तदोपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

श्रम एवं रोजगार विभाग से सम्बन्धित मदें:

13. कोली समाज की कितनी आबादी है कितनें युवा बेरोजगार है कितनें पढ़े लिखे हैं, कितनों को रोजगार प्राप्त है तथा अन्य वर्ग के उत्थान की बात भी सरकार साथ–साथ चलाऐं।

(श्री मदनलाल बसरा,ऊना)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने सूचित किया कि श्रम एवं रोजगार विभाग से प्राप्त सूचनानुसार रोजगार सहायता हेतु इच्छुक आवेदकों का पंजीकरण रोजगार कार्यालयों के माध्यम से किया जाता है तथा इस विभाग के पास अनुसूचित जाति के आवेदकों का समेकित आंकडा ही होता है, पृथक–पृथक जाति विशेष आंकडा नहीं होता है। दिनांक 31–12–2014 तक प्रदेश के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में कुल 9,91,033 आवेदक रोजगार सहायता हेतु पंजीकृत थे जिनमें अनुसूचित जाति के 2,12,304 आवेदक थे।

बैठक में मद पर चर्चा के दौरान श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा अवगत करवाया की दिसम्बर, 2015 तक 8,8,000 आवेदक रोजगार सहायता हेतु पंजीकृत हुए है जिनमें 1,85,000 अनुसूचित जाति के अभ्यार्थी है। **अतः चर्चा उपरान्त विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित मदें:

14. **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरगल में डॉक्टर का एक ही पद स्वीकृत है जिन्हें कई बार कण्डाघाट या सायरी को प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है। जिनकी प्रतिनियुक्ति तुरन्त समाप्त की जाए और भविष्य में भी यहाँ से स्टाफ प्रतिनियुक्ति पर न भेजा जाए।**

(श्री पलक राम कश्यप,सोलन)

अतिरिक्त मुख्य सचिव, (स्वास्थ्य) ने बैठक में अवगत करवाया कि कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर पुनः वापिस नियुक्त कर दिया गया है। **अतः मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

तकनीकी शिक्षा/शहरी विकास विभाग/उद्योग विभाग से सम्बन्धित मदें:

15. **सरकारी संस्थानों में अपनी रोजी कमाने बावत होम संस्था एच.पी.एम.सी. के साथ व स्टेशनरी शॉपस, टी स्टाल आदि सरकारी संस्थानों में बूथ का प्रावधान कर ''बूथ, कोली समाज के बेरोजारों को लीज पर दें ताकि उनका विकास हो सके।**

(श्री मदनलाल बसरा,ऊना)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने बैठक में अवगत करवाया कि तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन चल रहे संस्थानों में सरकार द्वारा किसी भी वर्ग जाति एवं समुदाय के लिए इस प्रकार का कोई भी प्रावधान नहीं है।

सम्बन्धित विभागों के साथ मद पर विस्तृत चर्चा उपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

16. **Duration of various entrepreneur training courses for youth belonging to reserved categories should be longer than the present duration so as to train and instill a sense of self confidence in them to compete in the open market.**

(Sh.Kashmir Chand)

मद पर चर्चा के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने अवगत करवाया कि सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण कोर्सों में अवधि का बढ़ाया जाना प्रशिक्षण कोर्स के प्रकार पर निर्भर करता है जो प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संस्थानों द्वारा ही तय किया जाता है। सरकार द्वारा कौशल विकास भत्ता 1000/– रूपये व विकलांग अभ्यार्थियों के लिए 1500/– रूपये प्रति माह की दर से दो साल तक दिया जाता है। **अतः विस्तृत चर्चा उपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

उद्योग विभाग से सम्बन्धित मदें:

17. **Industrialists / Entrepreneurs belonging to these categories should be encouraged with special concessions so as to compete with the traditional and well established industrialists and entrepreneurs in the field of sale, marketing, research and quality etc.**
(Sh.Kashmir Chand)

मद पर बैठक में चर्चा के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सूचित किया गया कि उद्योग विभाग में इन्सैन्टिव रूल्ज़, 2004 (Incentive Rules, 2004) के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं विकलांगजन के लिए ब्याज अनुदान व अन्य अनुदान का प्रावधान है। **अतः विस्तृत चर्चा उपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

जनगणना विभाग से सम्बन्धित मदें:

18. **हिमाचल प्रदेश की कुल आबादी में कोली जाति का प्रतिशत क्या है।**
(श्री संतोष कुमार,सन्जोली शिमला)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) द्वारा सूचित किया गया कि जनगणना विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार हिमाचल प्रदेश की कुल आबादी– 68,64,602 तथा कोली जाति की कुल आबादी 4,99,473 है तथा कोली जाति की प्रतिशतता 7.28% है। **अतः विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

हि0 प्र0 राज्य विद्युत परिषद से सम्बन्धित मदें:

19. **ग्राम शामरा की हरीजन बस्तियॉं गुजरेट, भुआं, थाकन, कथाड़ तथा शान्ति ग्राम की जनता को पिछले कई वर्षों से विद्युत की कम सप्लाई के कारण अन्धेरे से जूझना पड़ रहा है कई बार रात के समय तो विद्युत सप्लाई इतनी कम होती है कि मिट्टी तेल के दीपक जलाने पड़ते हैं। कम रोशनी के कारण पढ़ने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई नहीं कर सकते।**
(श्री जालम सिंह, संगडाह, सिरमौर)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) द्वारा सूचित किया गया कि विद्युत विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार ग्राम शामरा की हरिजन बस्तियॉं गुजरेट, भूआं, थाकन, कथाड़ तथा शान्ति ग्राम विद्युत उप–मण्डल चारना के अर्न्तगत आते हैं। इन गांव को वर्तमान में लगभग 1.00 किलो मीटर लम्बी सिंगल फेस लाईन से विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिसे नजदीक के 25 के0बी0ए0 के आई एण्ड पी0एच0 ट्रांसफार्मर जोकि गांव से लगभग 600 मीटर की दूरी पर है से जोड़कर सिंगल फेस लाईन को 3 फेस लाईन

में सम्बर्धन करने के लिए प्राक्कलन मंजूर किया जा रहा है। जिसके पूरा होने पर गांव की कम बोल्टेज की समस्या हल हो जायेगी।

माननीय गैर सरकारी सदस्य के अनुपस्थित होने व विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

20. **ग्राम पंचायत हिन्नर के गौड़ा में निर्मित 132 के0 वी0 सब स्टेशन से ग्राम पंचायत हिन्नर के सभी ग्रामों को तथा ग्राम पंचायत दंधील के गांव कड़ोग, छोब, दोची,रेह–काटल को इसी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जाए क्योंकि कण्डाघाट वाया चायल से आने वाली बिजली की लाईन खराब मौसम में हमेशा बाधित रहती है।**

21. **ग्राम पंचायत दंघील के गांव कड़ोल व बाग–भुईरा (बरड़ कलौनी) को थ्री फेस बिजली की आपूर्ति की जाए क्योंकि वहॉ पर बिजली की लो वोल्टेज रहती है।**

(श्री पलक राम कश्यप)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने बताया कि सम्बन्धित विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार वर्तमान में ग्राम पंचायत हिन्नर तथा ग्राम पंचायत दंधील के सभी गांवो को विद्युत की आपूर्ति 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र कण्डाघाट से की जा रही है । अत्याधिक वर्षा व प्राकृतिक आपदा के दौरान ही यह आपूर्ति वाधित होती है तथा आपातकालीन स्थिति होने पर 11 के0वी0 लाईन जोकि टकराण तक बिछी है, से इलाके को विद्युत आपूर्ति की जाती है। चायल में 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र की स्थापना के लिए प्रस्तावित योजना विचाराधीन है तथा इसकी स्वीकृति के पश्चात चायल में 33/11 के0वी0 का उपकेन्द्र स्थापित होने पर विद्युत आपूर्ति की समस्या नहीं रहेगी । ग्राम पंचायत हिन्नर तथा ग्राम पंचायत दंधील के सभी गांवों को 132 के0वी0 गौड़ा उपकेन्द्र में लोड़ उपलब्ध न होने के कारण विद्युत आपूर्ति नहीं की जा सकती । जैसे ही इस उपकेन्द्र की क्षमता बढाई जाएगी। इन गांवो को इससे जोड़ दिया जाएगा।

इस के अतिरिक्त ग्राम पंचायत दंधील के गांव कड़ोल व बाग–भुईरा (बरड़ कलौनी) में कम वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु एक फेस लाईन को थ्री फेस लाईन में बदलने के लिए प्राक्कलन तैयार किया जा चुका है तथा आगामी तीन माह में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से सम्बन्धित मदें:

22. **ग्राम पंचायत करालश तहसील रोहडू में प्रधान पद महिला हेतु आरक्षित है अतः माननीय मुख्य मन्त्री हिमाचल प्रदेश सरकार से अनुरोध है कि इस बार ग्राम पंचायत करालश में प्रधान पद पुरूष के लिए आरक्षित होना अति अवश्यक है।**

(श्री जगत राम नेगी)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने बताया कि पंचायती विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार पंचायत पदाधिकारियों का आरक्षण हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम तथा इसके

अन्तर्गत अधिसूचित निर्वाचन नियम 1994 के प्रावधान के अनुसार किया जाता है तथा ग्राम पंचायत करालश के प्रधान का पद जिलाधीश द्वारा उक्त अधिनियम तथा नियमों के प्रावधानों के अनुरूप आरक्षित किया जाएगा।

माननीय गैर सरकारी सदस्य के अनुपस्थित होने व विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

23. वर्ष 2010 के दौरान पूर्व परिवहन मन्त्री श्री महेन्द्र सिंह जी ने अपने निजी निधि से महिला भवन शान्ति–ग्राम के निर्माण हेतु मु0 1.00 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी परन्तु यह राशि इस कार्य की पूर्ति के लिए पर्याप्त न होने के कारण इस भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका जबकि इस भवन के निर्माण हेतु लगभग 10.00 लाख रूपये खर्च होने की सम्भावना है। यह महिला मण्डल भवन अनुसूचित जाति बस्ती शान्ति –ग्राम के गांव शामरा जिला सिरमौर के अर्न्तगत आता है। जहॉ पर इसके निर्माण हेतु 2 बिस्वा भूमि भी उपलब्ध है।

(श्री जालम सिंह,संगडाह सिरमौर)

अतिरिक्त मुख्य सचिव(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने अवगत करवाया कि ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त सूचनानुसार विभाग द्वारा महिला मण्डल भवन बनाने हेतु किसी प्रकार की राशि का प्रावधान नहीं है। **माननीय गैर सरकारी सदस्य के अनुपस्थित होने व विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

24. प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव के लिए CHANCE SEQUENCE SYSTEM के आधार पर क्रमवार को लागू किया जाए न कि वर्तमान आरक्षण प्रणाली के आधार पर।''उदाहरण'':–

CURRENT RESERVETIION SYSTEM



EQUAL OPPORTUNITY SYSTEM



(श्री संतोष कुमार,संजौली शिमला)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने अवगत करवाया कि पंचायती राज विभाग से प्राप्त सूचनानुसार पंचायत प्रतिनिधित्व में आरक्षण 73 वें संविधान संशोधन व हिमाचल प्रदेश

पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 8.78 और 89 के प्रावधानों अनुसार किया जाता है। पंचायती राज (निर्वाचन) नियम 1994 के नियम 28 के प्रावधान अनुसार पंचायतों में स्थानों का आरक्षण चक्राक्रम अनुसार प्रत्येक 5 वर्ष के पश्चात करने का प्रावधान है। जिससे यह स्पष्ट है कि उक्त प्रावधानों अनुसार सभी श्रेणी / वर्ग को पंचायतों में विभिन्न पदों पर कार्य करने का अवसर प्रदान होता है। अतः उक्त प्रवधानों अनुसार CHANCE SEQUENCE SYSTEM के आधार पर आरक्षण प्रदान करने का कोई औचित्य नहीं है।

माननीय गैर सरकारी सदस्य के अनुपस्थित होने व विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

25. हम सरकार के अभारी हैं क्योंकि सरकार ने जो गरीब / बी0पी0एल0 परिवारों के लिए गृह निर्माण हेतु गॉधी कुटीर, इन्दिरा आवास, राजीव गांधी आवास योजना शुरू की जा रही है जिससे काफी लोग लाभान्वित भी हुए हैं कृपया इस राशि को बढा कर कृतार्थ करें।

(श्री हेमन्त दास पन्थी,कुल्लू)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) ने अवगत करवाया कि ग्रामीण विकास विभाग से प्राप्त सूचनानुसार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गरीब/बी0पी0एल0 परिवारों के लिए गांधी कुटीर, इन्दिरा आवास योजना व राजीव आवास योजना संचालित की जा रही है। इन्दिरा आवास योजना Sharing स्कीम है जिसके लिए 75 प्रतिशत राशि भारत सरकार द्वारा तथा 25 प्रतिशत राशि सरकार द्वारा व्यय की जाती है। इस योजना में देय धनराशि में वृद्धि केवल केन्द्र सरकार द्वारा ही की जाती है। अप्रैल 2013 से इस योजना के अर्न्तगत देय धनराशि में भारत सरकार द्वारा वृद्धि कर मु0 48500/– से बढाकर मु0 75,000/–रूपये कर दी गई है। वर्तमान में योजना के अर्न्तगत मु0 75,000/– रूपये प्रति लाभार्थी दी जा रही है।

विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित मदें:

26. Lift Irrigation Scheme/Gravitation Irrigation Scheme should be sanctioned for Village Dhakwali, Ganesh ka Bag and Bheriwala, GP Nahan, Distt. Sirmour as these villages are inhabitated by SC & OBC classes' people (100%)

(Sh.Kashmir Chand)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि सिंचाई एवंज न स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त सूचनानुसार गांव ढाकवाली,गणेश का बाग और भेड़ीवाली ग्राम पंचायत नाहन में स्थित है। इन गांवों की लगभग 35 हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि है इन गांव को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए मारकण्डा नदी से पानी लिफ्ट करना पड़ेगा। इस योजना को बनाने के लिए लगभग 85.00 लाख रूपये की आवश्यकता पड़ेगी। धन राशि का प्रावधान होने उपरान्त यह कार्य किया जा सकेगा वर्तमान में इस कार्य के लिए विभाग के पास कोई भी बजट नहीं है।

मद पर चर्चा के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य) हि0 प्र0 सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2016–17 के बजट में प्रावधान कर दिया जाएगा। **अतः विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

27. ग्राम पंचायत पनेश के ग्राम पनेश को लगभग 28–29 वर्षों से उठाऊ कृषि सिंचाई योजना से जोड़ा है। अतः उक्त राजस्व गांव का उप गांव चम्बा भी इस सिंचाई योजना से जुड़ने के लिए कई वषों से प्रयासरत है जिस संदर्भ सम्बन्धित विभाग को गांव वासियों ने पंचायत के माध्यम प्रस्ताव भेज दिया गया है। कृपया इस कार्य को प्राथमिकता दी जाये।

(श्री दयानन्द कश्यप, शिमला)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त सूचनानुसार ग्राम पंचायत गलोट व कृषि विकास संघ गलोट द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अपेक्षित है। अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध होने पर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

बैठक में मद पर चर्चा के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (सिंचाई एवं जन स्वस्थ्य) विभाग ने कहा की मामले का परीक्षण करवा लेंगें तथा कार्य कर दिया जायेगा। विस्तृत चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विभाग को निर्देश दिए गए कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अभियन्ता इस कार्य को व्यक्तिगत तौर पर देखेंगे। **तदोपरान्त मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

28. ग्राम पंचायत सलोगड़ा के अर्न्तगत ग्राम हरठ, गुठाहॅ, बलाटी, बेल, ढलैहण, सहेवला, शकार बावरा, गरयाणी धार और ठुंगड़ी के किसानों को सिंचाई उठाऊ योजना सम्बन्धित सरकार से पिछले कई सालों से आग्रह जारी है परन्तु अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई कृपया सम्बन्धित विभाग को अवश्यक निर्देश जारी किए जाऐं।

(श्री आनन्द कुमार चौहान, सोलन)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त सूचनानुसार इस सम्बन्ध में सर्वेक्षण करवाया गया है तथा योजना बनाने के लिये स्त्रोत में पर्याप्त मात्रा मे पानी उपलब्ध नहीं है क्योंकि इस स्त्रोत से पहले ही 3 योजनायें बनी है तथा नई योजना बनाना सम्भव नहीं है।

वर्तमान में इस स्त्रोत में 223.704 लीटर प्रति सैकिण्ड तथा 1,93,28,052 लीटर प्रतिदिन पानी उपलब्ध है तथा तीन सिंचाई योजनायें पहले से ही निर्मित है जिनके नाम निम्न प्रकार से हैः–

i) सिंचाई योजना फसकना प्राक्कलन में निर्धारित पानी की उपलब्धता 1181952 लीटर प्रतिदिन।
ii) सिंचाई योजना, गण की सेर प्राक्कलन में निर्धारित पानी की उपलब्धता 723168 लीटर प्रतिदिन ।
iii) पेयजल योजना अश्वनी खड्ड से सोलन प्राक्कलन में निर्धारित पानी की उपलब्धता 4015000 लीटर प्रतिदिन ।

नई सिंचाई योजना 153.61 हैक्टेयर क्षेत्र के लिये बनाई जानी प्रस्तावित है जिसके लिये 7617866 लीटर पानी की प्रतिदिन आवश्यकता है, परन्तु स्त्रोत में यदि 70 प्रतिशत पानी लिफ्ट करना हो तो इस योजना का निर्माण करना सम्भव नहीं है।

मद पर विस्तृत चर्चा उपरान्त विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

29. **जिला सोलन के ग्राम हरठ में एक, गुठाहॅ में दो, बेल में एक, तथा राजकीय पाठशाला में एक हैंडपम्प लगवाने हेतु माननीय (सा0 न्याय एवं अधिकारिता) मन्त्री महोदय द्वारा विभाग को निर्देश जारी किए हैं परन्तु दो वर्षो से एक भी हैंडपम्प नहीं लगा है।**

(श्री आनन्द कुमार चौहान,सोलन)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त सूचनानुसार हैंडपम्प लगवाने के लिये भू–जल विज्ञानी द्वारा स्थान का निरीक्षण करवाया जा चुका है तथा शीघ्र ही हैंडपम्प लगा दिये जायेंगे।

अतः विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित मदें:

30. **Non-Providing of Funds under SC Sub-Plan for providing cemented surface and retaining walls in 300 Meter long Ambulance Road from Bharyal Bus Stand to Bharyal Village, GP Totu(Majthai) in Shimla Grameen Constituency. Ninety percent beneficiaries of the above cited ambulance road are from Koli Community only. Due to steep grade of this road, problem is being faced in plying vehicles on the small ambulance road. Provision of funds for providing cemented surface on this road needs to be made in the Supplementary Budget for the current financial year under SC SUB-PLAN Budget.**

(Sh.Uttam Singh Kashyap Shimla)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि लोक निर्माण विभाग से प्राप्त सूचनानुसार इस सड़क में 100 मी. तक tarring तथा drain का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य भी शीघ्र अतिाशीघ्र कर दिया जायेगा।

मद पर चर्चा के दौरान माननीय गैर सरकारी सदस्य द्वारा सुचित किया गया कि विभग द्वारा उपलब्ध करवाई गई यह सूचना सही नहीं है। क्योंकि इस सड़क पर कोई भी कार्य नहीं हुआ है। जिस सड़क का विवरण उत्तर में दिया गया है वह अन्य सड़क है। मद पर विस्तृत चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विभाग को निर्देश दिए कि जो सूचना उपलब्ध करवाई गई है उसे चैक कर लें तथा सही सुचना उपलब्ध करवाई जाए। सम्बन्धित अधिक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग मामले की विस्तृत जांच कर आगामी कार्यवाही अमल में लाऐं।

(लोक निर्माण विभाग)

31. तत्तापानी–शाकरा सड़क महिला मण्डल रण्डौल से हरीजन बस्ती की ओर जाती है जिसकी लम्बाई 600 मीटर है। यह सड़क जिस अनुसूचित जाति बस्ती की ओर जाती है उसमें लगभग 95 प्रतिशत जनसंख्या कोली समुदाय की है। इस सड़क का निर्माण कार्य अभी तक अधुरा है । अतः ए।

(श्री कुन्दन लाल करसोग,मण्डी)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि लोक निर्माण विभाग से प्राप्त सूचनानुसार ततापानी–शाकरा सड़क से महिला मण्डल रण्डोल से हरिजन बस्ती तक लगभग 550 मीटर जीप योग्य सड़क का निर्माण पंचायत/ ब्लॉक द्वारा किया गया है। वर्ष 2012–13 में इस सड़क के निर्माण के लिए 50,000/– रू0 का बजट प्रावधान था जिस पर 240 मीटर सोलिंग की जा चुकी है तथा इस सड़क पर छोटे वाहन सुचारू रूप से चल रहे है। इस सड़क के दोनों ओर लोगों की निजी भूमि आती है। कई स्थानों पर दोनों ओर मकान बने हुए हैं। यदि निजी भूमि मालिक भूमि देने के लिए तैयार हो जाते हैं तो सड़क को चौड़ा किया जा सकता है। जिसके लिए लगभग 8.00 लाख रू0 की लागत आएगी।

मद पर विस्तृत चर्चा उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि लोक निर्माण विभाग मामले में पुनः परीक्षण करें तथा उपायुक्त मण्डी भी इस मामले को देंखेंगे तथा इस कार्य को करवाना सुनिश्चित करेंगें।

(लोक निर्माण विभाग/ उपायुक्त मण्डी)

32. Link road from Khajurna to Vill. Ganesh ka Bag and Dhakwali in GP Nahans, Distt. Sirmour should be constructed on priority basis as the said road is linking the village having 100% population of SC and OBC.

(श्री कश्मीर चन्द, शिमला)

As per information provided by the concerned Department the work was awarded to M/s Kundlas Builders Pvt.ltd. R/o Billawali Lubana W.No. 9, P.O. & Tehsil Baddi Distt. Solan, vide Executive Engineer Nahan letter No. 3111-19 dated 27.09.2013 for amounting to Rs. 2,33,69,359/- only with stipulated time completion of 510 days. The forest clearance for diversion of 2.06 hectatare land in favour of HPPWD and permission to fell 29 trees has been accorded by M.O.E.F Northern region vide letter dated 22.06.2012. Accordingly 29 No. trees were felled by the forest authorities and the contractor has started the work under PMGSY.The contractor has so far party completed road cutting in about 1.00 km. achieving formation width of 5/7 mtrs. During execution the Forest department has got stopped the work due to additional trees coming in the alignment. The work has been foreclosed. The forest authorities intimated that fresh forest case may be prepared for futher alignment. A joint inspection with D.F.O was conducted. The fresh forest case work shall be restarted.

बैठक में मद पर चर्चा के दौरान माननीय गैर सरकारी सदस्य द्वारा सूचित किया गया कि जो सर्वे हुआ है वह भी ठीक नहीं है। इस पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सूचित किया गया कुछ पेड़ों की गलत मार्किंग हो गई थी। अब केस पुनः वन विभाग को स्वीकृति हेतु भेज दिया गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा। इसी महीने मामला दोबारा भेज देंगे।

(लोक निर्माण विभाग)

33. **वर्ष 2012 में प्रधान कोली समाज हिमाचल प्रदेश के माध्यम से तालग से अनुसूचित (कोली) जाति के गांव बिजली के लिए सम्पर्क सड़क के निर्माण हेतु माननीय मुख्यमन्त्री महोदय से आवेदन किया गया था जिसे इस गांव के अतिरिक्त अन्य तीन गांव भी लाभान्वित होंगे। इस सड़क के निर्माण हेतु माननीय मुख्यमन्त्री महोदय ने छानबीन व बजट प्रावधान बारे निर्देश दिए गए थे जिस बारे सम्बन्धित विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग शिमला–1 को दिनांक 29–03–2012 द्वारा पत्र लिख कर छानबीन व कार्य सूची में सम्मिलित करने बारे आग्रह किया गया था। सड़क निर्माण हेतु आवश्यक सर्वे व भूमि सम्बन्धित कागजात सहित प्राक्कलन तैयार कर हमारी जानकारी के अनुसार मामला दिनांक 17–12–2014 को अधीक्षक अभियन्ता चतुर्थ वृत हि0 प्र0 लोक निमार्ण विभाग शिमला द्वारा सम्बन्धित विभाग को भेज दिया गया है। अतः आपसे निवेदन है कि सम्पर्क सड़क निर्माण हेतु बजट का प्रावधान करने की कृपा करें।**

(श्री जगन दास, शिमला)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि लोक निर्माण विभाग से प्राप्त सूचनानुसार अधीक्षण अभियन्ता ,चतुर्थ वृत हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के पत्र संख्या –SE- IV- R- II (DHAMI) 14-16081-84, Dated.17.12.14 द्वारा 26.21 लाख रू0 का प्राकलन तैयार कर सम्बन्धित विभाग को A/A-E/S के लिए भेजा गया है जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। **अतः विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

34. **प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अर्न्तगत निर्मित गराज से बरास्ता, गुजरेट, भुआं, शान्ति ग्राम, काथला व अरड़ोग में पूर्व निर्मित सड़क के साथ लिंक हो जाने के उपरान्त उस मार्ग का उद्घाटन माननीय मुख्य संसदीय सचिव श्री विनय कुमार द्वारा माह जून 2013 को किया गया है। अतः यह रोड़ लोकहित में लोक निर्माण विभाग को समर्पित है परन्तु अभी तक इस मार्ग पर बस बहाल नहीं करवाई गई है जबकि इस मार्ग में चार अनुसूचित बस्तियों की जनसंख्या के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोगधार के पैदल चलने वाले विद्यार्थियों को भी आने जाने की सुविधा हो जाएगी।**

(श्री जालम सिंह,संगडाह सिरमौर)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि लोक निर्माण विभाग से प्राप्त सूचनानुसार अनुसार इस रोड़ का नाम बोगधार से गराडी है जोकि

प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पैकेज न0 HP19-90 द्वारा स्वीकृत किया गया है इस मार्ग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है व यह मार्ग Road Fitness Committee द्वारा पास कर दिया गया है। इस मार्ग का उद्घाटन माननीय मुख्य संसदीय सचिव श्री विनय कुमार द्वारा माह जून 2013 को किया गया है। इस रोड़ पर जो बस चलाई जानी वांछित है यह मामला हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम नाहन से सम्बन्धित है।

माननीय गैर सरकारी सदस्य के अनुपस्थित होने व विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

35. **बिजली महादेव खराहल सड़क लोक निर्माण विभाग मण्डल कुल्लू–II, के स्थान शराऊगी मोड़ से देहणीधार तक जो सम्पर्क मार्ग है, की दशा ठीक नहीं है अतः इस मार्ग में डंगा व मैटलिंग करवा कर मुरम्मत की जाए। देहणीधार अनुसूचित जाति का गांव हैं। इस गांव के बिलकुल साथ एक पुली का भी निर्माण किया जाये ताकि गांव बाढ़ से बच सके।**

(श्री हेमन्त दास पन्थी,कुल्लू)

अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) हि0 प्र0 सरकार द्वारा अवगत करवाया कि लोक निर्माण विभाग से प्राप्त सूचनानुसार शराऊगी मोड से देहणीधार सम्पर्क मार्ग ठीक कर दिया गया है तथा Missing Culvert का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।

मद पर चर्चा के दौरान माननीय गैर सरकारी सदस्य द्वारा सूचित किया गया कि सूचना सही नहीं है तथा सम्पर्क मार्ग ठीक नहीं किया गया है। इस पर विभाग क्षारा सूचित किया गया कि सोलिंग कर दी गई है पक्का किया जाना बाकि है कार्य शीघ्र की कर दिया जाएगा। **विभागीय उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त करने का निर्णय लिया गया।**

36. **जिला शिमला के ग्राम पंचायत गलोट के ग्राम खरयाड़ को सम्पर्क मार्ग से जोड़ा जाये क्योंकि यह गांव मुख्य मार्ग से लगभग दो किलो मीटर दूरी पर है जहॉ की शतप्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति की है । यह गांव उंचाई पर है जहॉ लोगों को भवन निर्माण की सामग्री व उत्तपाद वस्तुओं को लाने –ले जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्पर्क मार्ग बारे कई बार पंचायत स्तर पर भी उठाया गया है जबकि कोई कार्यवाही नहीं हुई अतः मामला महोदय के संज्ञान में लाते हुए कृपया ब्लॉक स्तर पर उचित निर्देश जारी किए जांऐं।**

(श्री दयानन्द कश्यप शिमला)

विभागीय उत्तरः–

जिला शिमला के ग्राम पंचायत गलोट के ग्राम खरयाड़ को सम्पर्क मार्ग से जोड़ने बारे अग्रिम कार्यवाही सम्बन्धित खण्ड विकास कार्यालय द्वारा की जानी है।

ग्रामीण विकास विभाग सूचना बैठक में उपलब्ध करवाऐंगे।

(लोक निर्माण विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग)

मद पर गहन चर्चा में अतिरिक्त मुख्य सचिव(लोक निर्माण) ने अवगत करवाया कि कुछ कार्य कर लिया गया है व शेष को अतिशीघ्र कर लिया जायेगा जिस पर माननीय सदस्य ने आप्पती जाहिर की है कि सम्पर्क मार्ग ठीक किया ही नहीं गया है। जिस पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए कि कार्य को शीघ्र किया जाये।

37. **सरकार पूरे प्रदेश में कोली बहुल्य गांवों को सड़क से जोड़ने के लिए सम्बन्धित विभाग जैसे उप–मण्डलाधिकारी (ना0), खण्ड विकास अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग व वन मण्डलाधिकारी को निर्देश जारी करें कि कोली बहुल्य गांवों को सड़क से जोड़ने की सम्भावनाओं का पता लगाऐं अतः यह भी छानबीन करें कि किन–किन कोली बहुल्य गांवों को अभी तक सड़क से नहीं जोड़ा गया। कृपया उसकी डी0पी0आर0 तथा अनिवार्य दस्तावेज दो माह के भीतर–भीतर माननीय अध्यक्ष ''कोली कल्याण बोर्ड'' को उपलब्ध करवांऐं।**

(श्री केशव राम लोथटा,चौपाल)

विभागीय उत्तरः–

सम्बन्धित विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार इस विषय में समस्त अधीक्षण अभियन्ता ,हि0प्र0लो0नि0 विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु दिशा–निर्देश इस कार्यालय के पत्र संख्या 7646–65 दिनांक 30.09.2015 द्वारा जारी कर दिए गए है।

(लोक निर्माण विभाग)

मद पर चर्चा में माननीय अध्यक्ष महोदय ने का कि उपायुक्त शिमला के माध्यम 2,3 लाख स्वीकृत कर दिए जाएंगे।

उक्त के दृष्टिगत मद को समाप्त कर दिया गया है।

38. **जिला मण्डी के चैल जेजैहली, लिंक रोड़ कुथाह पुल्ह से बुखलबार चापड शिल्ली भझौड़ शबाड़ा अनुसूचित गांव शिल्ह के बीच जितने भी गांव आते हैं वह गांव अनुसूचित जाति के हैं। इस सड़क की लम्बाई 5 किलो मीटर है। लोगों ने इस सड़क निर्माण हेतु अपनी मलकीयत भूमि लोक निर्माण विभाग के नाम की है व वन विभाग के आदेशानुसार पेड़ों की मार्किंग भी कर दी गई। औपचारिकताऐं पूर्ण होने उपरान्त भी लो0नि0 विभाग नया से नया मार्ग निकाल रहे हैं। यह सड़क मार्ग राजनैतिक दबाव के कारण रूका है। इसी कम में ग्राम कुल्थणी दड़ा खहड़ से शिल्ह 4 किलो मीटर है जिसका कार्य कुछ हो चुका है व कुछ अभी अधुरा पड़ा है।**

(श्री लेसर राम चौहान थुनाग, जिला मण्ड़ी)

विभागीय उत्तरः–

लोक निर्माण विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार जिला मण्डी के चैल जंजैहली से सम्पर्क सड़क बखलवार शिल्ह के लिए जो सड़क का निर्माण कार्य किया है। वह स्थानीय जनता ग्राम पंचायत के माध्यम से हुआ है। लोगों से इस सड़क के निर्माण हेतु अपनी मलकीयत भूमि लोक निर्माण विभाग के नाम करने बारे कोई भी लिखित पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि विभाग द्वारा इस सड़क को सम्पर्क सड़क चैल जंजेहली सड़क से गांव बुखलवार नाम से प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना फेज –नौ के अन्तर्गत प्रस्तावित किया गया था। इस सड़क के निर्माण हेतु पैकेज न0 एच0पी0–08–16 के अन्तर्गत 165.16 लाख की डी0पी0आर भी

मंजूर करवा ली गई थी परन्तु निजी भूमि की गिफट डीडस व वन विभाग की भूमि के लिए FCA Act 1980 के अर्न्तगत स्वीकृत न होने की वजह से काम शुरू नहीं किया जा सका तथा इस योजना को Drop करवा दिया गया। अब निजी भूमि मालिक गिफट डीड देने के लिए तैयार है। वर्तमान में Forest case तैयार करवा लिया गया है। अतः पेड़ों की गणना (Rnumeration) मौके पर करवा दी गई है परन्तु ग्राम वन अधिकार समितियों से F.R.A. Certificate न मिलने के कारण अभी तक Forest case वन विभाग को नहीं भेजा जा सका जैसे ही F.R.A. Certificate प्राप्त होगा Forest case वन विभाग को भेज दिया जायेगा। लोक निर्माण विभाग के माध्यम से इसमें कोई भी नया मार्ग नहीं बनाया गया है। जहां तक गांव कुल्थणी दडा खडड से शिल्ह 4 किलो मीटर लम्बी सड़क का सवाल है ऐसी कोई भी सड़क नहीं बनी है। हालांकि एक ट्रैक्टर योग्य सड़क गाहीधार (कडौऊण) से वानाधार शिली नाम से विभाग द्वारा D.C.Deposit (BASP) के अर्न्तगत वर्ष 2012–13 में बनाई गई थी जिसकी लम्बाई लगभग 1. 250 किलो मीटर है। इस संड़क के निर्माण कार्य के लिए 1.50 लाख रूपये उपायुक्त मण्डी से मिले थे जोकि सड़क के निर्माण कार्य में खर्च हो चुके है। धन के अभाव व आगे घना जंगल होने के कारण सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया जा सका है।

(लोक निर्माण विभाग)

मद पर हुई चर्चा दौरान उपायुक्त मण्डी ने कहा कि परीक्षण कर जल्दी करवा दिया जायेगा।

अतः मद को समाप्त किया गया है।

39. गौड़ा से रेह–काटल वाया डाहर सड़क का निर्माण बारेः

इस सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2009 में प्रारम्भ हुआ था जो अभी तक अधूरा है। इसे पूरा करने के लिए 35.5 लाख की अवश्यकता है अतः इस सड़क को बाली घाटी अश्वनी खड्ड संपर्क सड़क में 'बाग (बाग–भुईरा) बरड़ कलौनी को जोड़ा जाना है। जिसका कम्पयुटर कोड 2008–307 है । इससे लाभान्वित होने वाले गांव कुरगल, कड़ोग व डोल का जुब्बड़ है जिनमें 50 से 90 प्रतिशत अनुसूचित जाति की जनसंख्या है।

(श्री पलक राम कश्यप,सोलन)

विभागीय उत्तरः–

The concerned department has informed that Administrative Approval and expenditure sanction for the road named Gaura Reh Katal via Dhar Chakla km. 0/0 to 5/0 has been accorded by the Principal Secy. (SJ&E) to the Govt. of HP letter no SJE-B-C (10)-14/2008-11-loose dated 10-06-2009 for Rs. 84.85 lacs.

The total length of this road is 5.00 kms. Out of which 2.300 km widening and C.D. has been completed. There exists a budget provision to the tune of Rs. 10.38 lacs vide computer code no. 2008-307-58647 for current financial year 2015-16 and futher work has been awarded to the contractor for widening from km. 2.300 to 3/0 by the Executive Engineer Solan Division HPPWD Solan vide his letter No.SD-CB-Tender /Award letter/5563-71 dated 18.10.2015.The approximate amount of Rs. 35.00 lacs is futher required to complete this road.

The expenditure to the ture of Rs. 45.25 lacs has already been incurred on execution of this work till date.

(लोक निर्माण विभाग)

मद पर चर्चा में माननीय अध्यक्ष महोदय ने कार्य को शीघ्र करवाने के निर्देश दिए।

अतः मद को समाप्त किया गया।

40. ग्राम पंचायत जलेल में लगभग एक किलोमीटर एम्बुलैन्स रोड़ जिसका निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम शकलेच गवाला में किया जा रहा है जिसके लिए लगभग 7 वर्ष से राशि भी स्वीकृत है। इस रोड़ को पूरा करने में अविलम्ब क्यों हो रहा है। अतः कब तक इस कार्य को पूरा किया जाऐगा।

(श्री जगजीत कुमार,शिमला)

विभागीय उत्तरः–

लोक निर्माण विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम पंचायत जलेल में ग्राम सकलेच गवाला सड़क की कुल लम्बाई एक किलोमीटर है जिसे आधा किलोमीटर तक पक्का किया जा चुका है तथा आधा किलोमीटर सड़क की नाली का कार्य ठेकेदार को अवार्ड कर दिया गया है। वर्ष 2015–16 में वर्किंग प्रोग्राम में शेष आधा किलोमीटर सड़क को भी पक्का करने का प्रावधान किया गया है।

(लोक निर्माण विभाग)

उक्त उत्तर के दृष्टिगत मद को समाप्त किया गया है।

41. ग्राम पंचायत खरशाली के ग्राम वकोरा से घराट खड्ड तक एम्बुलैंस रोड़ बारे ।

(श्री नागरू राम ,चढगांव शिमला)

विभागीय उत्तरः–

सम्बन्धित विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार वकोरा से घराट खड्ड तक एम्बुलैन्स सड़क का Survey पंचायत के अनुरोध पर कर दिया गया है। जिसकी लम्बाई 2 किलो मीटर होगी इस सड़क में लोगों की निजी भूमि पड़ती है जिसकी Gift Deeds ग्राम पंचायत खरशाली से अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त विभाग के पास इस सड़क को बनाने के लिये कोई Budget/Deposit उपलब्ध नहीं है। इस सड़क में Forest land भी आती है। जिसका FCA Case भी बनाना होगा।

(लोक निर्माण विभाग)

मद पर चर्चा की गई जिस में माननीय अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए GiFt Deeds के अतिक्ति वन भूमि का FCA मामला भी तुरन्त तैयार किया जाए।

अतः मद को समाप्त किया गया है।

42. ग्राम पंचायत कुलगांव के अन्तर्गत लिंक रोड़ थान्टी से कुलगांव तक टायरिगं, मैटलिंग तथा शोलिंग करवाये जाने बारे।

(नागरू राम ,चढगांव,शिमला)

विभागीय उत्तरः–

सम्बन्धित विभाग सूचना बैठक में उपलब्ध करवाएंगे।

(लोक निर्माण विभाग)

मद पर चर्चा में विभागाध्यक्ष द्वारा अवगत करवाया गया है कि प्राकलन तैयार कर दिया गया है जैसे ही 35.00 का बजट स्वीकृत हो जाएगा कर दिया जायेगा । जिस पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि यदि कोई दिक्क्त आए तो बजट प्राकलन मुझे भेजा जाए।

हिम ऊर्जा से सम्बन्धित मदें:

43. आरक्षित ग्राम पंचायत टूटू मजठाई खण्ड विकास मशोबरा के पांच वार्डो में सौर ऊर्जा लगवाने बारे मामला पंचायत के प्रस्ताव संख्या–13, दिनांक 11–03–2013 द्वारा पारित प्रस्ताव पूर्ण दस्तावेज सहित दिनांक 30–03–2013 को हिम ऊर्जा विभाग को भेजा गया था। इसके अतिरिक्त यह मामला जून 2014 में माननीय मुख्यमन्त्री महोदय के माध्यम से उठाया गया था परन्तु उसके बावजूद भी अभी तक सौर ऊर्जा लाईटें लगवाने बारे कोई भी प्रगति नहीं हुई है इसलिए यह मामला इस बोर्ड के माध्यम उठाना पड़ा।
(श्री उतम सिंह कश्यक, शिमला)

44. तहसील शिमला के ग्राम पंचायत गलोट के खरयाड़,गलोट, खलोल, रूड़,बनयाड़, सेरी, खिलणा, शिलडू, पनेश,कण्ड़ा, शामलाघाट व इच्छासेर इत्यादि गांव में कोली समाज की पर्याप्त आबादी है। कृप्या उक्त गांव में भी सौर ऊर्जा लागवाई जाये।
(श्री दयानन्द कश्यप, पनेश, शिमला)

45. तहसील करसोग पंचायत तत्तापानी के अर्न्तगत हरिजन बस्तियों रण्डौल, तत्तापानी (बल्ह), चमारगली, तरेडी,ठोगी की जनसंख्या लगभग 90 व 100 प्रतिशत है। इन बस्तियों में सौर ऊर्जा लाईट लगवाने बारे लगभग एक वर्ष पूर्व माननीय मुख्य संसदीय सचिव पर्यटन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग श्री मनसा राम जी के माध्यम पंचायत प्रस्ताव जिलाधीश मण्डी को भेजा गया था परन्तु अभी तक इन बस्तियों को सौर ऊर्जा लाईट नहीं मिली जबकि तत्तापानी के सामने जिला शिमला के ग्रामों में ये लाईटें उपलब्ध करवाई जा चुकी है।
(श्री कुन्दन लाल करसोग, मण्डी)

46. जिला सोलन के ग्राम पंचायत सलोगड़ा के ग्राम बेल,हरठ राजकीय प्राथमिक पाठशाला हरठ हैरिटेज स्थल, जबलाटी, गुठाहां, सिहवल व धार में सोलर लाईटें लगवाने बारे।
(श्री आनन्द कुमार,सोलन)

47. जिला शिमला के तहसील चढ़गांव विकास खण्ड़ चढगांव के अर्न्तगत ग्राम पंचायत खरशाली, कवार के जिऊराडी, डोडरा, हरीजन बस्ती गुम्मा, खावल के झेलयुवाड़ी, पुजारली, गांव राहू, करऐं धगोली, शिलादेश के ग्राम टिक्कर तथा सिन्दाजली व उक्त पंचायतों के विभिन्न हरिजन बस्तियों में सोलर लाईटें लगवाये जाने बारे।
(श्री नागरू राम,चड़गांव शिमला)

विभागीय उत्तरः–

सम्बन्धित विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रधान ग्राम पंचायत टूटू मजठाई खण्ड मशोबरा से दिनांक 30–03–2013 को एक प्रस्ताव पंचायत के पांच वार्डों में 200 सौर ऊर्जा लाईटों की स्थापना हेतु प्राप्त हुआ था जिसे पूरे प्रदेश से प्राप्त कर अन्य प्रस्तावों सहित संकलित रूप में 66940 सौर ऊर्जा लाईटों की स्थापना हेतु जवाहर लाल नैहरू राष्ट्रीय सौर मिशन के अर्न्तगत स्वीकृति प्रदान करने हेतु भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मन्त्रालय को दिनांक 07–09–2013 को प्रेषित कर दिया गया था। जिसकी स्वीकृति भारत से सरकार अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। यह जानकारी माननीय मुख्य मन्त्री महोदय के यू0ओ0 दिनांक 17–06–2014 के संदर्भ में दिनांक 1–07–2014 को पहले ही दी जा चुकी है।

हिमऊर्जा को अनुसूचित जाति उप योजना के अर्न्तगत सीमित मात्रा में जिलावार बजट उपलब्ध होता है। जिसे सम्बन्धित जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय विधायक की कन्सैन्ट से ही बराबर मात्रा में सोलर स्ट्रीट लाईटस की स्थापना पर व्यय किया जाता है। जहाँ अनुसूचित जाति कि लोगों की आवादी 40 प्रतिशत या इससे अधिक अथवा 90 व्यक्ति या इससे अधिक हो।

तहसील शिमला में सौर ऊर्जा लाईट लगवाने हेतु बताये गए 12 गांवों में से केवल 4 गांव ही अनुसूचित जाति वाहुल गांवों की सूची में शामिल हैं। यहाँ यह बताना भी उचित होगा कि वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए जिला शिमला के लिए अनुसूचित जाति उप योजना के लिए 20.00 लाख रूपये का प्रावधान है जिस में से तकरीबन 13 सौर ऊर्जा लाईटें शिमला जिला की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित की जा सकती हैं। अतः 4 गांव नामतः खरयाड़, खलोल, शिल्डू तथा इच्छासेर जो कि अनुसूचित जाति वाले गांव की सूची में शामिल हैं, इन स्थानों पर सौर ऊर्जा लाईटों की स्थापना स्थानीय माननीय विधायक, माननीय मुख्यमन्त्री महोदय की स्वीकृति उपरान्त ही की जाऐगी। अन्य स्थानों पर सौर ऊर्जा लाईटें लगवाने हेतु माननीय जिलाधीश शिमला से विकेन्द्रीकृत नियोजन के अर्न्तगत धन राशि उपलब्ध करवाने हेतु मामला उठाया जा रहा है।

तहसील करसोग पंचायत तत्तापानी के अर्न्तगत अनुसूचित बस्तियों रण्डौल, तत्तापानी (बल्ह),चमारगली,तरेडी,ठोगी में सौर ऊर्जा लाईटें लगवाने बारे माननीय मुख्य संसदीय सचिव, पर्यटन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, श्री मनसा राम जी के माध्यम से पंचायत प्रस्ताव जिलाधीश मण्ड़ी से उठाया गया था। परन्तु इन अनुसूचित जाति बस्तियों/गांवों का नाम माननीय मुख्य संसदीय सचिव द्वारा वर्ष 2013–14 के लिए 12 सौर ऊर्जा जारी बस्तियों की सूची में शामिल नहीं था। अतः इन बस्तियों में लाईटें स्थापित नहीं की जा सकी।

